विद्या राय सोशल वेलफेयर ट्रस्ट

ग्राम - सिखड़ी, तहसील – जखनिया, जिला - गाज़ीपुर

f:-

Date:-

विद्या राय सोशल वेलफेयर ट्रस्ट की बैठक दिनांक 06/05/2022 का कार्यवृत

दिनांक 02/06/2022 को प्रसारित सूचना के आधारित एजेंडा के आलोक में आज दिनांक 06/05/2022 को विद्या राय सोशल वेलफेयर ट्रस्ट ग्राम - सिखड़ी, तहसील – जखनिया, जिला – गाज़ीपुर, उत्तर प्रदेश के प्रबंध कारिणी समिति की बैठक अध्यक्ष आशीष कुमार राय की अध्यक्षता में विद्या राय सोशल वेलफेयर ट्रस्ट के बैठक कक्ष में प्रातः 10:00 बजे निम्नलिखित एजेंडा के आलोक में बैठक आरंभ हुई

एजेंडा :-

1. प्रबंध समिति की पिछली बैठक की पुष्टि है प्रस्ताव |
2. पूर्व प्रस्तावित डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज की स्थापना की अनुमति का प्रस्ताव |
3. अन्य विषय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से |

क्रमांक	नाम	पद	हस्ताक्षर
1-	आशीष कुमार राय	अध्यक्ष/ मैनेजिंग ट्रस्टी	
2-	बंदना राय	उपाध्यक्ष	
3-	उदित कुमार मिश्र	सचिव	
4-	श्रीमती निधि सिंह	उपसचिव	
5-	श्री पारसनाथ राय	सदस्य	
6-	आलोक तिवारी	सदस्य	

गणपति को ध्यान में रखते हुए अध्यक्ष महोदय ने कार्यवाही प्रारंभ करने की अनुमति प्रदान की | बैठक कार्यवाही आरंभ हुई :-

प्रस्ताव -1- प्रबंध कारिणी समिति की पिछली बैठक कार्यवाही उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राय ने पढ़कर सुनाया उपस्थित सभी सदस्यों ने पिछली कार्यवाही की पुष्टि की |

प्रस्ताव-2- उदित कुमार मिश्र सचिव ने सभा को यह अवगत कराया कि समाज हित को ध्यान में रखते हुए ट्रस्ट द्वारा पूर्व में डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज की स्थापना हेतु प्रस्ताव किया गया था जिस के क्रम में ट्रस्ट द्वारा हाई कोर्ट में रिट भी दाखिल की गई है | अतः ट्रस्ट द्वारा ग्राम - सिखड़ी, तहसील – जखनिया, जिला – गाज़ीपुर, उत्तर प्रदेश में एक डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज की स्थापना एवं संचालन हेतु प्रस्ताव किया जाना आवश्यक प्रतीत होता है

अनुमोदन- उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से ग्राम - सिखड़ी, तहसील – जखनिया, जिला – गाज़ीपुर, उत्तर प्रदेश में डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज की स्थापना के इस प्रस्ताव का समर्थन किया और स्थापना संबंधी कार्यवाही हेतु अध्यक्ष श्री आशीष कुमार राय को अधिकृत किया गया तथा उक्त कालेज की स्थापना में जैसे भूमि, भवन, फर्नीचर, वेतन आदि मदों में व्यय हेतु ट्रस्ट के कोष से धन उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया एवं इन कार्य हेतु भी अध्यक्ष श्री आशीष कुमार राय को अधिकृत किया गया |

Scanned with OKEN Scanner

प्रस्ताव -3- श्रीमती निधि सिंह उपसचिव ने प्रस्तावित डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज के नामकरण की आवश्यकता से अवगत कराया तथा प्रस्तावित संस्थान हेतु श्री राम कॉलेज आफ फार्मेसी (Shri Ram College of Pharmacy) नाम प्रस्तावित किया |

अनुमोदन- उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से प्रस्तावित डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज का नाम श्री राम कॉलेज आफ फार्मेसी (Shri Ram College of Pharmacy) रखने का समर्थन किया |

प्रस्ताव-4- उदित कुमार मिश्र, सचिव यह प्रस्ताव किया कि प्रस्तावित कॉलेज हेतु भूमि चिन्हित कर दिया जाए तथा ग्राम - सिखड़ी, तहसील – जखनिया, ज़िला – गाज़ीपुर, उत्तर प्रदेश में उपलब्ध ट्रस्ट की भूमि गाटा संख्या - 121 रकबा - 1.0120 हेक्टेयर में से 0.800 हेक्टेयर (2.0 एकड़) को उक्त प्रस्तावित डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज हेतु चिन्हित कर दिया जाए |

अनुमोदन- उपस्थित सभी सदस्यों के सम्मत विचारोपरांत सर्वसम्मति से ग्राम - सिखड़ी, तहसील – जखनिया, जिला – गाज़ीपुर, उत्तर प्रदेश में उपलब्ध से ट्रस्ट की भूमि गाटा संख्या -121 रकबा - 1.0120 हेक्टेयर में से 0.800 हेक्टेयर (2.0 एकड़) को श्री राम कॉलेज आफ फार्मेसी (Shri Ram College of Pharmacy) के निर्माण एवं संचालन हेतु चिन्हित किया गया तथा अध्यक्ष श्री आशीष कुमार राय को उक्त भूमि पर निर्माण व संचालन एवं सभी विधिक दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने हेतु अधिकृत किया गया |

प्रस्ताव-5- आलोक कुमार तिवारी सदस्य ने प्रस्तावित श्री राम कॉलेज आफ फार्मेसी (Shri Ram College of Pharmacy)के सुगम संचालन एवं प्रबंधन हेतु ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री आशीष कुमार राय को उक्त कालेज के संस्था प्रमुख / अध्यक्ष (Head of Institution/ President) के पद पर नियुक्ति का प्रस्ताव किया |

अनुमोदन- उपस्थित सभी सदस्यों ने विचार-विमर्श कर सर्वसम्मति से अध्यक्ष श्री आशीष कुमार राय को प्रस्तावित श्री राम कॉलेज आफ फार्मेसी (Shri Ram College of Pharmacy) के संस्था प्रमुख / अध्यक्ष (Head of Institution/ President) के पद पर नियुक्ति के प्रस्ताव का समर्थन किया तथा अध्यक्ष महोदय ने नियुक्ति पर अपना अनुमोदन दिया तथा अध्यक्ष महोदय के अनुमोदन से सभा ने प्रस्तावित श्री राम कॉलेज आफ फार्मेसी (Shri Ram College of Pharmacy) की स्थापना एवं संचालन हेतु आवश्यक कार्यवाही, विधिक एवं सामान्य सभी प्रक्रियाओं के निस्पादन एवं सभी दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने हेतु अधिकृत एवं निर्देशित किया |

अन्य विषय प्रस्तावना होने की स्थिति में अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद उपरांत सभा की कार्रवाई संपन्न हुई

Ashish R.

अध्यक्ष
विद्या राय सोशल वेलफेयर ट्रस्ट
सिखड़ी-गाजीपुर

Scanned with OKEN Scanner